प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-IV

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2024-25 से 2028-29 की अवधि के लिये प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना- IV (PMGSY-IV) को स्वीकृति दी, जिसका लक्ष्य **62,500 किलोमीटर नई** बारहमासी सड़कों का निर्माण करके ग्रामीण संपर्क को बढ़ाना है।

- **कवरेज: इस पहल से मैदानी इलाकों में 500 से अधिक, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों में 250 से अधिक** तथा वामपंथी उग्रवाद (LWE) **प्रभावित ज़िलों में 100 से अधिक** जनसंख्या वाली 25,000 असंबद्ध बस्तियों को जोड़ा जाएगा।
  - उम्मीद है कि नई सड़कें **दूरदराज** के ग्रामीण इलाकों में **सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी** तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, बाज़ार और विकास केंद्रों तक पहुँच में सुधार करेंगी। इस योजना को **40 करोड़ मानव-दिवस रोज़गार सृजित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।**
- **PMGSY एक केंद्र सरकार की योजना है जिसे वर्ष 2000 में** असंबद्ध ग्रामीण बस्तियों तक बारहमासी सड़क के माध्यम से कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिये लॉन्च किया गया था।
  - यह योजना मूलतः 100% केंद्र प्रायोजित पहल थी, लेकिन वित्तीय वर्ष 2015-16 से इसका वित्तपोषण**केंद्र और राज्य सरकारों के बीच 60:40 के अनुपात में साझा किया जाने लगा।**
  - PMGSY योजना के विभिन्न चरणों के अंतर्गत लगभग 8,00,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कें बनाई गई हैं और 1,80,000 बस्तियों को जोड़ा गया है।

और पढ़ें: प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-gram-sadak-yojana-iv